डब्ल्यूएचओ जैसे संस्थान के लिए ताइवान को बाहर रखने का कोई मतलब नहीं बनता, खासतौर पर तब जब उसने सफलतापूर्वक वायरस को रोका हो। ताइवानी स्वास्थ्य मंत्री चेन शिह-चुंग ने हाल ही में टिप्पणी की- 'डब्ल्यूएचओ यह समझ गया होगा कि महामारी की राष्ट्रीय सीमाएं नहीं होतीं, किसी को छोड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि जिस देश को छोड़ दिया जाएगा, वह लूपहोल बन सकता है।' वहीं चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने भी स्पष्ट किया कि 'बीजिंग ने ताइवान के लिए स्थानीय या वैश्विक स्वास्थ्य आपदाओं का सामना करने के लिए 'उचित व्यवस्थाएं' कीं, लेकिन त्साई की डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव पार्टी (डीपीपी) आजादी पर जोर दे रही थी।'

अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी सहमति बनती दिख रही है कि ताइवान को डब्ल्यूएचओ और अन्य बहुपक्षीय एजेंसियों की सदस्यता मिले। अमेरिका ने डब्ल्यूएचए समेत विभिन्न संस्थानों में ताइवान की 'सार्थक भागीदारी' का समर्थन किया है। मार्च 2020 में ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान एलाइज इंटरनेशनल प्रोटेक्शन एंड इनहांसमेंट एक्ट लागू किया जिसका उद्देश्य ताइवान की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का समर्थन करना था। वहां 'ट्वीट फॉर ताइवान' अभियान भी चला। यूरोपीय कमीशन के अध्यक्ष अर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यूरोपीय संघ को मास्क दान करने के लिए ताइवान को सार्वजनिक रूप से धन्यवाद कहा, जो बहुत दुर्लभ है।

यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने ताइवान की बहाली को लेकर अमेरिका के कदम का समर्थन किया है या चीन की आपत्ति को स्वीकार किया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में सात देशों के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल मीटिंग में भाग लिया, जिसे यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट माइक पॉम्पिओ ने संचालित किया था। इसका उद्देश्य डब्ल्यूएचओ में बदलावों के लिए समर्थन जुटाना था। सात में से चार देश अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड के अलावा कनाडा, फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन ताइवान को डब्ल्यूएचओ में बतौर पर्यवेक्षक प्रवेश देने के लिए डेमार्श (नीति परिवर्तन दस्तावेज) पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। इससे भारत पर और दबाव बढ़ रहा है।

भारत के सामने बीजिंग की तुलना में ताइवान के साथ अपने संबंधों का लाभ उठाने का अवसर है। भारत ताइवानी कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए बिजनेस करना आसान बनाकर व्यापार संबंध बढ़ा सकता है। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जो भारत के लिए टेक्नोलॉजी के अगले चरण में जाने के लिए जरूरी हैं, जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमी कंडक्टर और 5जी, जिनमें ताइवान आगे है। ताइवान का हेल्थ सेक्टर सबसे आधुनिक में से एक है। वैश्विक महामारी को देखते हुए भारत ताइवान के हेल्थ सेक्टर के साथ काम कर सकता है।

कोविड-19 से आई जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए अगर विदेश मंत्रालय चाहता है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में देशों के बीच विचारों और सर्वश्रेष्ठ तरीकों का आदान-प्रदान हो तो डब्ल्यूएचए में ताइवान के प्रवेश का समर्थन

स्वागतयोग्य कदम होगा। भारत की विदेश नीति का दृष्टिकोण अब इतना विकसित हो चुका है, जहां मुद्दों पर आधारित गठबंधन सामान्य हो गए हैं। ताइवान के साथ उसके संबंध भी इसी तरह बढ़ने चाहिए।

---

दैनिक जागरण

*Date: 22-05-20*

# चीन की शरारत

**संपादकीय**

यह महज दुर्योग नहीं हो सकता कि चीन बीते कुछ दिनों से लगातार भारतीय सीमा का अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है। चीन ने सिक्किम और लद्दाख से लगती सीमा रेखा पर जिस तरह आक्रामकता का प्रदर्शन किया है उससे साफ है कि वह भारत पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। हैरानी नहीं कि इसका कारण भारत को यह संदेश देना हो कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों और खासकर विश्व स्वास्थ्य संगठन में कोरोना वायरस के फैलाव में चीनी प्रशासन की भूमिका को लेकर उठते सवालों से खुद को दूर रखे। भारत ने इन सवालों का साथ देकर बिल्कुल सही किया। मानवता के हित में यही है कि उन कारणों की तह तक जाया जाए जिनके चलते चीन की धरती पर पनपे कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में कहर बरपा दिया। यदि चीन ने कहीं कोई गलती-गफलत नहीं की है तो फिर वह अंतरराष्ट्रीय जांच से मुंह क्यों चुरा रहा है? चीन को दीवार पर लिखी इबारत पढ़ने के साथ इस मुगालते से बाहर आना चाहिए कि वह जोर-जबरदस्ती दिखाकर विश्व समुदाय को अपने हिसाब से निर्देशित कर सकता है। यह चीन की पुरानी आदत है कि वह जब भी किसी मुश्किल में फंसता है तो या तो जोर-जबरदस्ती का सहारा लेता है या फिर गड़े मुर्दे उखाड़ने की कोशिश कर दुनिया का ध्यान बंटाने की कोशिश करता है।

इससे बुरी बात और कोई नहीं हो सकती कि एक ऐसे समय जब पूरी दुनिया कोरोना के कहर से निपटने की कोशिश कर रही है तब चीन दादागीरी दिखाने पर तुला हुआ है। यह अच्छा है कि भारतीय विदेश मंत्रलय ने यह स्पष्ट कर दिया कि वस्तुत: यह चीन ही है जो भारतीय सीमाओं का उल्लंघन कर रहा है, लेकिन इसमें संदेह है कि इस खरी बात से उसकी सेहत पर कोई असर पड़ेगा। वह भारत को तंग करने के लिए कुछ न कुछ खुराफात करता ही रहता है। रह-रहकर कश्मीर मसले को उछालते रहने के बाद चीन ने जिस तरह नेपाल सरकार को भारत के खिलाफ उकसाया उससे यही प्रकट होता है कि वह मित्र राष्ट्र की तरह व्यवहार करने के लिए तैयार नहीं। नेपाली प्रधानमंत्री ने भारत की ओर से अपनी सीमा के अंदर बनाई गई सड़क पर जिस ढंग से आपत्ति जताई और फिर भारतीय भू-भाग को नेपाल का हिस्सा बताने वाला मानचित्र जारी किया उसके पीछे चीन का शरारती हाथ देखा जाना स्वाभाविक है। चूंकि चीन भारत विरोधी रवैया छोड़ने के लिए तैयार नहीं इसलिए भारत को ताइवान और तिब्बत से जुड़े मसलों का उपयोग करना चाहिए। यह सही समय है कि भारत बीजिंग की एक-चीन नीति पर फिर से विचार करे। मैत्रीभाव एकपक्षीय नहीं हो सकता।

---

जनसत्ता

Date: 22-05-20

# निजता की सुरक्षा का सवाल

**संजय वर्मा**

आपदा के वक्त अगर आधुनिक तकनीक से कोई मदद मिल जाए, तो उसे आम लोगों से लेकर सरकारी मशीनरी तक के लिए राहत माना जाता है। इन दिनों आरोग्य सेतु ऐप को ऐसी ही एक बेजोड़ कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस ऐप ने देश भर में साढ़े छह सौ हॉटस्पॉटों के बारे में सरकारी मशीनरी को वक्त रहते सचेत किया। इससे सरकार को तीन सौ उभरते हॉटस्पॉटों की सटीक जानकारी मिली। इससे संबंधित सरकार का एक दावा यह भी है कि फिलहाल इसे देश में दस करोड़ लोग अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड कर चुके हैं और यह जान बचाने का एक सटीक जरिया बन गया है। पर आरोग्य सेतु ऐप को लेकर कुछ लोगों को एतराज भी है। खासकर इसे कई मामलों में अनिवार्य करने, इसके जरिए लोगों की निजता में सेंध लगने और खुद आरोग्य ऐप की हैकिंग जैसी चीजें हैं, जिसने इसे संदिग्ध बना दिया है।

आरोग्य सेतु ऐप को लेकर उठी पहली आपत्ति इसे कई सेवाओं में अनिवार्य बनाया जाना है। भारतीय रेलवे घोषणा कर चुका है कि विशेष गाड़ियों में वही लोग यात्रा कर पाएंगे, जिनके स्मार्टफोन में आरोग्य सेतु ऐप होगा। इस अनिवार्यता का एलान करते हुए रेलवे ने साफ किया कि अगर इस ऐप के उपभोक्ता किसी संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आते हैं, तो ऐप स्मार्टफोन धारक को सचेत करता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी घरेलू व्यावसायिक विमानन कंपनियों से कहा है कि यात्रियों के स्मार्टफोन में आरोग्य सेतु ऐप होना चाहिए। साथ ही अगर हवाई अड्डे पर यात्री और वहां काम करने वाले कर्मचारियों के फोन पर मौजूद इस ऐप में हरा संकेत (जिसका अभिप्राय कोरोना संक्रमण का कोई लक्षण मौजूद न होना है) नहीं दिखता, तो ऐसे यात्रियों-कर्मचारियों को हवाई अड्डा टर्मिनल भवन में ही प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि विमानन कंपनियों ने इस निर्देश पर यह कहते हुए ज्यादा सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है कि अगर कोई यात्री स्मार्टफोन लेकर न चलना चाहे, तो ऐसी स्थिति से कंपनियां कैसे निपटेंगी। इसी तरह अगर हर सरकारी दफ्तर में कर्मचारियों के लिए इसे डाउनलोड करना जरूरी कर दिया गया और कुछ कर्मचारी भूलवश अपना फोन कार्यालय लेकर नहीं आए, तो ऐसी स्थिति में क्या होगा।

इन्हीं आशंकाओं के चलते हाल में केरल हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि आखिर वह आरोग्य सेतु को अनिवार्य कैसे कर सकती है। उसने सवाल उठाया है कि अगर कुछ लोगों के पास स्मार्टफोन न हो, तो क्या उन्हें दफ्तर में प्रवेश से रोका जा सकता है? दूसरी बड़ी आपत्ति इस ऐप के जरिए लोगों की निजता में सेंध को लेकर है। कैसी विडंबना है कि आधुनिक तकनीकों का सहारा लेकर लोगों की पहचान दर्ज करने से लेकर रोगियों की पहचान तक के जितने प्रबंध सरकार कर रही है, उन सभी में कोई न कोई पेच ऐसा है जो आम लोगों की निजी जानकारियों के छीजने के प्रबंध कर देता है। सरकार के तमाम दावों और खुद आधार कार्ड बनाने और जारी करने वाली संस्था- यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईएडीआई) के आश्वासनों के बावजूद लोगों के मन में यह संशय आज तक बना हुआ है कि इसके लिए उनकी बायोमैट्रिक्स सूचनाओं (यानी उंगलियों, अंगूठे और पुतलियों की छाप) के अलावा अन्य जानकारियां कहीं गलत हाथों में न पड़ जाएं। अफसोस कि आधार के बेहद पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के बावजूद ऐसी जानकारियां कई

मर्तबा सामने आ चुकी हैं, जब कहा गया कि लाखों लोगों की आधार कार्ड की जानकारियां हैकरों के हाथ लग चुकी हैं। 2018 में खुद को फ्रेंच सुरक्षा शोधकर्ता कहने वाले एक हैकर एलियट ने आंध्र प्रदेश की सरकारी वेबसाइट का यूआरएल और बायॉमेट्रिक निशान के स्क्रीनशॉट्स साझा करते हुए दावा किया था कि किस तरह आधार कार्ड स्कैन और बायोमीट्रिक डाटा खुला छोड़ दिया गया है। आधार की जानकारियों के खुलासे का यह पहला मामला नहीं था, लेकिन यूआईएडीआई ने हर बार यह प्रतिदावा किया कि आधार की जानकारियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। विचित्र है कि उसी फ्रांसीसी हैकर ने इस बार आरोग्य सेतु ऐप को लेकर सरकार को चुनौती दी है। एलियट ने अपने ट्विटर हैंडल पर दावा किया कि वह यह देख सकता है कि इस वक्त भारत की संसद या प्रधानमंत्री कार्यालय तक में कौन-कौन बीमार है और किसी इलाके में कौन लोग कोरोना से संक्रमित हैं। एलियट के मुताबिक भारत सरकार ने आरोग्य सेतु ऐप को खुला छोड़ दिया है और दुनिया में बैठा कोई भी हैकर उसमें दर्ज सूचनाएं उड़ा सकता है।

इन्हीं समस्याओं के मद्देनजर पिछले दिनों कांग्रेस ने 'आरोग्य सेतु' को निजता के अधिकार का उल्लंघन करने वाला ऐप करार दिया था। उसने कहा था कि इस ऐप के जरिए हर व्यक्ति की चौबीस घंटे निगरानी की जाएगी। यह ऐप व्यक्ति के ऊपर एक जासूसी कैमरा लगाने जैसा है। यानी कोई बाहरी शख्स भले आरोग्य सेतु की हैकिंग न कर पाए, लेकिन सरकार तो जीपीएस तकनीक से लैस इस ऐप के जरिए प्रत्येक व्यक्ति की हरेक गतिविधि पर नजर रख सकेगी। साफ है कि जो ऐप यह बता सकता है कि अभी-अभी आप जिस व्यक्ति से मिले हैं और आपके मोहल्ले में जिन दो-चार लोगों ने अभी प्रवेश किया है, वे कोरोना संक्रमित हैं या नहीं, तो जाहिर है कि वह हर शख्स की पल-पल की खबर सरकार को दे सकता है।

कहा जा सकता है कि सरकार को आपकी गतिविधियों की जानकारी मिले, तो इसमें समस्या क्या है। यह तो सरकार का हक है। बेशक। अमेरिका आदि विकसित मुल्कों में किए गए ऐसे ही प्रबंधों को देखें तो सरकार तक जानकारी पहुंचने में शायद ज्यादा दिक्कत नजर न आए, लेकिन दिक्कत दूसरी है। समस्या हमारी निजी जानकारियों तक अवांछित लोगों की पहुंच को लेकर है। दूसरे, निजता से जुड़े वैसे कानूनों का हमारे देश में अभाव है, जैसे अमेरिका या ब्रिटेन में हैं। यानी वहां अगर ऐसे ऐप या निगरानी करने वाले फेस रिक्गनिजेशन जैसे आधुनिक प्रबंध कायम किए हैं, तो इसकी व्यवस्था भी की गई है कि आम लोगों की निजी जानकारियां बेची या गलत हाथों में पड़ीं, तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों-संगठनों पर क्या कानूनी कार्यवाही होगी और कितना दंड भुगतना पड़ेगा। इधर ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा ने एक केंद्रीकृत कॉन्टैक्ट-ट्रेसिंग ऐप को खत्म करने का फैसला किया है, जिससे बटोरी गई सूचनाएं सरकारी सर्वरों से होकर गुजर रही थीं।

आरोग्य सेतु अनिवार्य करने से पहले सरकार निजता सुनिश्चित करने वाले कानूनों का प्रबंध और सूचना की लीकेज रोकने के उपाय करे। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया वर्ष 2009 से हुई थी और उससे जुड़ी निजता की चिंताओं को दूर करने वाले कानूनों का प्रबंध आज तक नहीं हुआ है, तो बंदी की मौजूदा स्थितियों में ऐसे उपाय तुरत-फुरत बनाना बेहद कठिन लगता है। मगर सरकार दूसरे प्रबंध अवश्य कर सकती है। जैसे वह अमेरिका, ब्रिटेन, यहां तक कि सिंगापुर से ऐसे सबक ले सकती है, जहां ऐसे ऐप बनाते वक्त साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञों की राय और सेवाएं ली गईं और अगर ऐप में सूचनाओं के लीकेज का कोई रास्ता नजर आया, तो उसे वक्त रहते दूर कर लिया गया। इसी के साथ अगर सरकार अब भी नागरिकों की निजता सुनिश्चित करने वाले उपायों-कानूनों पर तेजी से काम करेगी, तो उम्मीद की जा सकती है कि आधुनिक तकनीकों के सहारे लोगों की आवाजाही, लेनदेन आदि पर निगरानी के उसके इंतजामों को लेकर संदेह थोड़ा कम हो सकेगा।

राष्ट्रीय सहारा

***Date: 22-05-20***

# नये युग की शुरुआत

**संपादकीय**

केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र नियमावली से संबंधित प्रशासनिक आदेश जारी किए जाने के साथ एक युग का अंत एवं नये युग की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा विकेंद्रीकरण एवं नियोजन अधिनियम के संबंध में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन राज्य के कानूनों की स्वीकृति द्वितीय आदेश, 2020 को जारी किए जाने को स्वीकृति प्रदान करना वाकई ऐतिहासिक है। पाक अधिकृत कश्मीर से आए पांच लाख से अधिक शरणार्थियों, 1956 में लाए गए वाल्मिकी परिवारों, गुरखों तथा जम्मू कश्मीर से बाहर शादी करने वाली महिलाओं के बच्चों का वर्षो का सपना साकार हुआ है। अब वे प्रदेश के भी नागरिक बने हैं। अनुच्छेद 370 लागू किए जाने के कारण 35 ए के तहत जम्मू कश्मीर को यह अधिकार मिल गया था कि अपना नागरिक स्वयं तय करे। तो भारत को नागरिक होना अपने आप में जम्मू कश्मीर के नागरिक होने की गारंटी नहीं था। इसी कारण प्रदेश ने नागरिकता की कट ऑफ डेट 1944 कर दी थी। उसके बाद आए किसी को भी जम्मू कश्मीर के नागरिक होने का अधिकार नहीं था। कोई लड़की भारत के दूसरे भाग में शादी कर ले तो उसके एवं उसकी संतानों के सारे अधिकार समाप्त हो जाते थे। इस अन्याय का अब अंत हो गया है। साथ ही, 1990 के दौर में प्रदेश से निकलने को मजबूर किए गए हिंदुओं को भी जम्मू कश्मीर में उनके अधिकार मिल गए। अब स्थानीय नागरिक प्रमाण पत्र की जगह मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा जिसके लिए तत्काल केवल 15 दिन का समय नियत कर दिया गया है ताकि अधिकारी-कर्मचारी जानबूझ कर मामले को नहीं लटकाएं। वस्तुत: जो भी व्यक्ति 15 वर्ष तक जम्मू कश्मीर में रह गया वो वहां का नागरिक माना जाएगा। जिसने वहां 10वीं एवं 12वीं पास की और कम से सात वर्ष तक वहां पढ़ा वह भी नागरिक माना जाएगा। जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा में 10 वर्ष काम करने वालों को भी वहां का नागरिक होने का अधिकार होगा। जम्मू कश्मीर पैंथर्स पार्टी ने इसका विरोध किया है लेकिन अब यह लागू हो चुका है। हमारा मानना है कि 15 वषर्, 10 वर्ष और सात वर्ष पढ़ाई की शत्रे भी ज्यादा हैं, और यह परोक्ष रूप से फिर राज्य को विशेष अधिकार दे देती हैं। इसलिए इन्हें भी खत्म किया जाना चाहिए।

***Date:22-05-20***

# नये समीकरण का आरंभ

**डॉ. कौस्तुभ नारायण मिश्र , (एसो. प्रोफेसर, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर-उप्र)**

श्रमिक वर्ग का पलायन अर्थात आव्रजन और प्रव्रजन तथा शहरीकरण भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में संकट रहा है। कोविड-19 के कारण यह संकट अब दूसरे रूप में दिखाई पड़ रहा है। आधुनिकता एवं सुविधाओं की चकाचौंध में गांव से शहरों की तरफ पलायन भारत में पिछले सत्तर-अस्सी वर्ष में अधिक हुआ है। केवल रोजगार अवसर की तलाश के कारण ही नहीं हुआ है, बल्कि लोगों द्वारा आधुनिकता के आकषर्ण तथा सुविधाओं एवं सेवाओं की उपलब्धता के कारण अधिक हुआ है।

महानगर की निश्चित धारण क्षमता होती है। एक और महत्त्वपूर्ण विषय यह है कि नगरों में आप निश्चित संसाधन क्षमता अर्थात क्रय क्षमता के अनुसार ही जीवन यापन कर सकते हैं। तात्पर्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहकर जितनी सुविधाओं और सेवाओं की पूर्ति आप न्यूनतम निवेश करके प्राप्त कर सकते हैं, उसकी तुलना में शहरों में अधिक निवेश करना पड़ता है। यह निवेश बड़े शहरों में और बढ़ जाता है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि गांव में परस्पर निर्भरता, परस्पर पूरकता व परस्पर विश्वास का वातावरण तुलनात्मक रूप में बहुत सघन रूप में मिलता है, जबकि नगरों में इसकी व्यावहारिक रूप में कमी दिखाई पड़ती है। वर्तमान कोरोना महामारी के कारण श्रमिक वर्ग का जो पलायन भारत में बड़े महानगरों से अपने मूल स्थान अर्थात अपने जन्म स्थान अर्थात अपने गांव या छोटे नगरों के लिए हो रहा है, वह पलायन संसाधनों तथा सुविधाओं की कमी और उसके कारण खड़ी हो सकने वाली समस्याओं के कारण कम, संभावित और आसन्न भय के कारण अधिक है। भय इस बात का है कि हमारे या हमारे परिवार के सामने कोई संकट, समस्या या महामारी के कारण शारीरिक हानि आदि होती है तो हमें देखने-संभालने वाला; हमारे क्रिया-कर्म आदि का निस्तारण करने वाला कोई नहीं होगा। हमारे बच्चों को देखने वाला, परिवार को देखने वाला, पालन-पोषण करने वाला, भोजन कराने वाला नगरों में और बड़े महानगरों में कोई नहीं होगा। यही मूल बात है जो श्रमिकों को शहरों से अपने गांव की तरफ बरबस खींचती चली आ रही है।

इस स्थिति का आने वाले समय में व्यापक प्रभाव पड़ेगा और इस प्रभाव को चार रूपों में देखा जा सकता है क्योंकि इस पलायन को रोकना एक दूसरे प्रकार के सामाजिक-राजनीतिक संकट को आमंत्रित करना होगा। पहला, गांव में पारिवारिक और सामाजिक सौहार्द एवं सहयोग तथा भाईचारे एवं बंधुत्व के नये वातावरण का पुन: सृजन होगा और यह सृजन परस्पर निर्भरता, परस्पर पूरकता व परस्पर विश्वास जैसी भारत के गांव की बुनियादी विशेषताओं के कारण और अधिक विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा। जिस पारिवारिक टूटन और पारिवारिक-सामाजिक अविश्वास के कारण लोग अपने परिवारों के साथ बड़े महानगरों में आजीविका कमाने गए थे, उनकी मनोवैज्ञानिक वृत्ति और माननीय संवेग बदल जाने की पूरी संभावना है क्योंकि शहरीकरण ने संयुक्त परिवारों के टूटने एवं आपसी अविश्वास के वातावरण को बहुत बढ़ा दिया था, अब वैश्विक महामारी के कारण अविश्वास घटेगा, कमजोर होगा और लोग सचेत रहे तो अविश्वास का वातावरण समाप्त भी होगा।

दूसरा, श्रमिकों के अपने गांव आ जाने के कारण ग्रामीण क्रियाकलाप-पशुपालन, कृषि के साथ-साथ अन्य प्राथमिक क्रियाकलाप की सक्रियता और बढ़ेगी। लोग रोजी-रोटी व आजीविका के लिए नये अवसर की तलाश अपने गांव में करेंगे और बहुत हुआ तो अपने पड़ोस या नजदीकी नगरों और महानगरों पर स्वाभाविक रूप से निर्भर करेंगे। कुल मिलाकर यह प्रकृति, ग्रामीण संस्कृति, समग्र ग्रामीण विकास तथा उज्जवल भारत के भविष्य के लिए नये अवसर उत्पन्न करेगा। इससे ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान भी बढ़ेगा क्योंकि पलायन से अपने मूल स्थान को आया हुआ श्रमिक यह भी समझ रहा है कि अपने मूल स्थान पर रहकर शहर की तुलना में कम आमदनी करके भी अपेक्षाकृत अधिक बचत कर सकेगा और शान्तिपूर्ण जीवन जी सकेगा।

तीसरा, नगरों और बड़े महानगरों की दिशा-दशा में भी व्यापक परिवर्तन होगा क्योंकि दैनिक सेवा कार्य से लेकर नगरों में श्रम की अत्यधिक आवश्यकता के कारण आने वाले समय में नगरों में श्रम की आवश्यकता अधिक होगी लेकिन श्रम की उपलब्धता बल्कि तुलनात्मक रूप में सस्ते श्रम की उपलब्धता में व्यापक कभी आएगी जिससे समग्र नगरीय व्यवस्था के सामने संकट खड़ा होगा क्योंकि जो श्रमिक मूल स्थान वापस आ रहा है, उसमें से एक बटे तीन के पुन: वापस महानगरों में लौटने की कोई संभावना नहीं होगी। दूसरे एक बटे तीन, यदि महानगरों में वापस गए भी तो, आंशिक समय के लिए आते-जाते रहेंगे और सदैव भय एवं दुविधाग्रस्त रहेंगे। शेष बचे एक बटे तीन, जो अतिशय मजबूरी और कोई सहारा प्राप्त न होने के कारण शहरों की तरफ उन्मुख होंगे भी तो, वे शहरों पर विश्वास करके पूरी निष्ठा एवं लगन से अपना योगदान नहीं दे पाएंगे। इस कारण महानगरों की दैनिक, प्राथमिक, औद्योगिक संरचना नकारात्मक रूप में प्रभावित होगी अर्थात महानगरों का संपूर्ण तानाबाना बदलेगा; नये प्रकार के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक परिवेश का निर्माण होगा। राजनीतिक भी इसलिए कि पलायन मतदाता संरचना को भी व्यापक रूप में प्रभावित करेगा। देश में इस प्रकार का पलायन न्यूनतम पांच से छह करोड़ के आसपास ही मान लिया जाए तो इसमें से यदि 3 करोड़ ही मतदाता हों तो, वे व्यापक बदलाव लाएंगे कि भारत में निम्न-मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग मतदान में अधिक सक्रियता से भाग लेता है।

चौथा, निश्चित रूप से महानगरों में छोटे से लेकर बड़े प्रकार के अनेक कार्य रहते हैं, ये कार्य सड़क निर्माण, भवन निर्माण, सफाई व्यवस्था से लेकर अन्य बहुत सी क्रियाओं से जुड़े होते हैं। जिस परिस्थिति के वशीभूत किसी महानगर से जुड़ी सरकारें श्रमिकों के लौटने से प्रसन्न हो रही हैं, उनकी प्रसन्नता के सामने आने वाले समय में संकट खड़ा होगा। वह श्रम आएगा कहां से? शहरों के सामने यह ज्वलंत प्रश्न होगा। प्रश्न यह भी होगा कि जिनके पास आजीविका के अवसर नहीं होंगे और भयबस जो नगरों की तरफ अपनी दिशा नहीं बदलना चाहेंगे, आखिर उनका क्या होगा? देश की व्यवस्था, अग्रणी सामाजिक वर्ग, नियोजन करने वाले सभी लोगों को मिलकर न केवल इस महामारी से ही निजात पानी है, बल्कि इस समस्या के कमजोर होने या निजात पाने के बाद की देश के अंदर की परिस्थितियों से भी निपटने, उनको समझने और समाधान तक पहुंचने का यत्न और नियोजन भी अभी से करना जरूरी है क्योंकि निश्चित रूप अब अर्थ केंद्रित नहीं, मानव केंद्रित समाज एवं व्यवस्था भारत और तीव्र होगी।

---

***Date: 22-05-20***

# कसौटी पर पूंजीवाद

**सत्येन्द्र प्रसाद सिंह**

कोरोना वायरस न केवल पूरी दुनिया में इंसान की जान ले रहा है, बल्कि इसने अर्थव्यवस्था के सामने भी गंभीर संकट पैदा कर दिया है। इनमें उन देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी हैं, जिन्हें विकसित और मजबूत माना जाता रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया खासकर अमेरिका और यूरोप के वामपंथी विचारक उम्मीद करने लगे हैं कि पूंजीवाद का अंत नजदीक आ गया है। इनकी दृष्टि में अर्थ सत्ता के लोकतंत्रीकरण के लिए यह उपयुक्त क्षण है। ये तो 2008 के आर्थिक संकट के दौरान भी इसकी उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन उनकी अपेक्षा के अनुरूप पूंजीवाद का विघटन नहीं हो सका।

सवाल है कि इनकी आशा जिस बुनियाद पर आधारित है, वह कितनी ठोस है? क्या कोरोना के कारण बाजार विफल हो गया है? नहीं, तो क्या यह राज्य की विफलता है? राज्य विफल नहीं है, तो क्या वह पूंजीवादी ताकतों को मजबूत करने का काम करेगा? 2008 में आर्थिक संकट पैदा हुआ था, तब राज्यों के हस्तक्षेप से ही संकटग्रस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था को उबारने का प्रयास हुआ था। ध्यान रखना होगा कि 2008 का संकट उतना विकट नहीं था, जितना अभी है। बाजार आधारित पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है कि लोग काम करने के लिए घर से बाहर जाएं और अपनी कमाई खर्च करें। काम से दूर रहने का मतलब कमाई से दूर रहना होगा। श्रम बाजार पर वैश्विक पूंजीवाद की निर्भरता ने भी स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिसे वैकरण की प्रवृत्ति ने मजबूती प्रदान की है। ऐसे में इस बात का विशेष महत्त्व नहीं रह जाएगा कि अर्थव्यवस्था का आधार कितना मजबूत है। यह स्थिति अंततः आर्थिक मंदी की ओर ले जा सकती है। इसकी प्रतिक्रियास्वरूप दुनिया भर की सरकारें आर्थिक पैकेज की घोषणा करने लगी हैं।

कोई इसे मुक्त अर्थव्यवस्था का लक्षण कह सकता है, लेकिन वस्तुत: यह पूंजीवाद की नैतिक पराजय है। यह पूंजीवाद की उस धारणा के खिलाफ है, जिसके तहत वह उद्यम और प्रतिस्पर्धा में विश्वास रखता है। 2008 के बाद पूंजीवाद ने नया चोला धारण कर लिया है, तो मौजूदा संदर्भ में इसकी प्रकृति पर विचार करना आवश्यक है। कोरोना-जनित संकट में पूंजीवाद के प्रतिनिधियों से समाज के दबे-कुचले समूह के प्रति जिस उत्तरदायित्व की उम्मीद थी, वह अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। उल्टे उसकी स्वार्थपरता ही उजागर हुई। श्रम कानूनों को पूंजीपतियों के पक्ष में शिथिल किया गया तो यह मजदूरों में असंतोष को ही जन्म देगा। सरकारें कमजोर पड़ीं तो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो सकता है। वैकरण के खिलाफ प्रवृत्ति उभरी तो अंतरराष्ट्रीय संधि और समझौते खतरे में पड़ जाएंगे।

अमेरिका और चीन की तनातनी के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे संगठनों की विसनीयता पर उठ रहे सवालों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। 1930 के दशक में भी करीब-करीब ऐसी ही स्थिति बनी थी, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी एक देश को निर्णायक बढ़त हासिल नहीं थी। इसके अभाव में दुनिया में एक व्यवस्था बनाने में मदद नहीं मिल सकी और द्वितीय विश्व युद्ध होने से रोका न जा सका। कोरोना महामारी ने वैश्विक पूंजीवाद के संकट को उजागर कर दिया है। कुछ आलोचक तो अभी से उत्तर पूंजीवादी युग की कल्पना करने लगे हैं। लेकिन यह सोच अति उत्साह से प्रेरित प्रतीत होती है। अभी कोई वैकल्पिक आर्थिक मॉडल सामने नहीं आया है, तो दूसरी ओर वामपंथियों का सामाजिक आधार भी खिसक चुका है। वैकरण के दौर में पूंजीवादी ताकतों ने अपनी जड़ें इतनी गहरी कर ली हैं कि राजनीतिक-सामाजिक विमर्श से गरीबों और मजदूरों की चर्चा ही प्राय: गायब हो गई है। सो, कोरोना संकट के आधार पर निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि बाजार विफल हो गया और पूंजीवाद खत्म हो जाएगा। कोई विफलता होगी तो राज्य की होगी, पूंजी की नहीं। ऐसे में राज्य आर्थिक क्षेत्र में हस्तक्षेप करेंगे या पूंजीवाद को प्रश्रय देंगे।

नि:संदेह राज्यों पर चुनावी राजनीति के चलते लोककल्याणकारी कदम उठाने का दबाव होगा। पूंजीवादी लोकतंत्र समाजवादी राज्य की कुछ खासियतों को अपना ले तो पूंजीवाद के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा नहीं होगा। लेकिन उसने पूंजी को बेलगाम छोड़ा तो देर-सबेर उसके खिलाफ असंतोष पैदा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। दोनों ही स्थितियों में पूंजीवाद के रंग-रूप में बदलाव होगा। जाहिरन पूंजीवाद में समय के साथ अपने में बदलाव लाने की क्षमता है, लेकिन यह बदलाव संपूर्ण विश्व में एक समान नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र विशेष की परिस्थितियों के अनुरूप होगा।

Live हिन्दुस्तान.com

Date: 22-05-20

# क्या अम्फान से सबक सीखेंगे हम

**एम शशिधर रेड्डी, पूर्व उपाध्यक्ष, एनडीएमए**

पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी तबाही मचाता हुआ अम्फान तूफान भारत से गुजर चुका है। जब हवा 195 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही हो और तेज बारिश का उसे साथ मिले, तो उसकी राह में आने वाली हर चीज का नुकसान स्वाभाविक है। मगर अम्फान में अच्छी बात यह रही कि इसमें मौत की संख्या थामने में हम बहुत हद तक सफल रहे। हां, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को क्षति जरूर पहुंची है, पर कुछ जरूरी मानकों का पालन किया गया होता, तो इसे भी सीमित रखना संभव था। फिलहाल, अम्फान से हुई तबाही का ठीक-ठीक आकलन लगाया जा रहा है।

किसी भी तूफान से लड़ने के लिए पूर्व-सूचना सबसे कारगर हथियार मानी जाती है। इसका अर्थ है कि संकट के आने का अंदेशा कब लगाया गया, और इस बाबत संबंधित शासन-प्रशासन को सूचना कब जारी की गई? यह सूचना जितनी सटीक होती है, जान-माल का नुकसान कम करने में शासन-प्रशासन को उतनी ही ज्यादा मदद मिलती है। भारतीय मौसम विभाग इस पहलू पर पिछले काफी समय से गंभीरता से काम कर रहा है, जिसके अच्छे नतीजे आए हैं। अक्तूबर 2013 में ही ओडिशा में आए फैलिन तूफान की पूर्व-सूचना से हमें काफी फायदा मिला था और संकट आने से पहले ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई थी, जबकि उस वक्त अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने बड़ी संख्या में लोगों की मौत का अंदेशा जताया था।

आज भीषण तूफान जैसी आपदा से यदि लोगों की जान बचाई जा रही है, तो इसका श्रेय काफी हद तक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) को दिया जा सकता है। इसकी स्थापना से पहले कुदरती आपदाओं को सिर्फ इस रूप में देखा जाता था कि आपदा के बाद बचाव और राहत के काम किस तरह किए जाएं। अब इस सोच में बदलाव आया है। अब आपदा से पहले बचाव के तरीके, उससे निपटने की तैयारी और नुकसान कम करने संबंधी उपायों पर ध्यान दिया जाता है, साथ ही आपदा के बीत जाने के बाद राहत और पुनर्निर्माण के कामों पर। एक समग्र रणनीति का ही नतीजा है कि अब आपदा में एक पूरा तंत्र सक्रिय हो जाता है, जो न सिर्फ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को बाहर निकालता है, बल्कि उनके ठहरने और खाने-पीने का भी पूरा इंतजाम करता है। इसी कारण अम्फान तूफान गुजर जाने के तुरंत बाद ओडिशा में जनजीवन सामान्य होने लगा।

यह सही है कि कोरोना-संक्रमण के काल में अम्फान जैसे संकट से लोगों को बचाना कम जोखिम भरा नहीं है। प्रभावित क्षेत्रों से लाखों लोगों को बाहर निकालना और उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर एक साथ रखने से कोरोना का संक्रमण फैलने का खतरा है। जब पीने का पानी ही सीमित मात्रा में हो, तब यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि लोग बार-बार साबुन से हाथ धोएंगे। मगर, पिछले दो महीने के जागरूकता अभियान ने लोगों को इतना सजग तो बना ही दिया है कि वे स्वयं सावधानी बरतने लगे हैं। संभव है, उन्हें मास्क, सैनिटाइजर वगैरह भी उपलब्ध कराए गए हों। लिहाजा, उनकी हालत उन प्रवासी मजदूरों जैसी नहीं होगी, जो बिना किसी तूफान के ही मुश्किलों से लड़ रहे हैं।

बहरहाल, किसी आपदा के दौरान दो बातों का खास ध्यान रखा जाता है। पहली बात, जान की रक्षा करना, और दूसरी, सरकारी और निजी संपत्ति का कम से कम नुकसान। चक्रवाती तूफान में इस तरह के नुकसानों को रोकना इसलिए मुश्किल होता है, क्योंकि हवा की तेज गति, समुद्र की ऊंची लहरें और मूसलाधार बारिश आपस में मिलकर संकट को भयावह बना देती हैं। हालांकि, पूर्व सूचना के साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कई कदम भी अब मददगार साबित होने लगे हैं। जैसे, वे अब आधुनिक जीपीएस का इस्तेमाल करने लगे हैं। वे हवा की गति, समुद्री लहरों की ऊंचाई और बारिश की तीव्रता का आकलन करके प्रभावित इलाकों की पहचान करने लगे हैं और वहां से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं। अपने यहां 2008 में ही चक्रवाती तूफान संबंधी दिशा-निर्देश तैयार कर लिए गए थे। उससे पहले 2006 से ही चक्रवाती तूफान और अन्य आपदाओं के मद्देनजर मॉक ड्रिल का काम सभी राज्यों में शुरू हो गया था। इससे भी राज्यों को काफी फायदा मिला है।

दिक्कत तब आती है, जब ऐसे दिशा-निर्देशों को नजरअंदाज किया जाता है। पश्चिम बंगाल में साल 2009 के आइला तूफान में जब काफी नुकसान हुआ था, तब प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर मैं प्रभावित इलाकों में गया था। हमारी टीम का प्रस्ताव था कि पश्चिम बंगाल में भी ओडिशा या आंध्र प्रदेश की तरह तूफान राहत केंद्र बनाए जाएं। इन वर्षों में इस पर कितना काम हुआ है, यह तो मुझे पता नहीं, लेकिन वहां इसके लिए जगह का मिलना मुश्किल था, और फिर उसके डिजाइन को बदलने की जरूरत थी, क्योंकि वहां मिट्टी भुरभुरी थी। इससे लागत भी बढ़ रही थी।

हर आपदा से हमें सीखने का मौका मिलता है। अम्फान भी हमारे लिए ऐसा ही सबक लेकर आया है। इस तूफान का डॉक्यूमेंटेशन यानी दस्तावेजीकरण होना चाहिए। आमतौर पर हम यह तो ध्यान रखते हैं कि किस काम से हमें कितना फायदा मिला, मगर यह भूल जाते हैं कि किस काम को न करने से कितना ज्यादा नुकसान हुआ। इसके साथ-साथ यह आकलन भी किया जाना चाहिए कि किसी काम को गलत तरीके से करने से हमें नुकसान तो नहीं हुआ? हमें अपनी सफलता और विफलता, सब कुछ बतौर रिकॉर्ड दर्ज करना चाहिए और अगली आपदा से निपटने की रणनीति बनाने में उसका इस्तेमाल करना चाहिए।

इसी तरह, एक अध्ययन यह भी होना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन का इन तूफानों पर कितना असर हुआ है। बेशक पिछले कुछ वर्षों में चक्रवाती तूफान की बारंबारता बढ़ गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इसकी वजह जलवायु परिवर्तन है। हां, जलवायु परिवर्तन से कम समय में तेज बारिश की आशंका जरूर बढ़ गई है, जिससे काफी नुकसान होता है। रही बात भौतिक संपत्तियों के नुकसान की, तो इसे लेकर जो दिशा-निर्देश हैं, उनमें कहा गया है कि उसी आपदा को मानक बनाकर निर्माण-कार्य होने चाहिए, जिससे सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान हुआ है। इससे अगली बार उस तीव्रता की आपदा उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाती। परेशानी की बात यह है कि इस पर अमल नहीं हो रहा, जबकि इसमें तुलनात्मक रूप से बहुत ज्यादा खर्च भी नहीं होता।